# आज राहुल गांधी रामगढ़ से इरबा होते धुर्वा आयेंगे, शहीद मैदान में जनसभा

## प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद, रांची के उपायुक्त ने दिये सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राहुल गांधी की अगुवाई में तीन दिनों से झारखंड में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जनता का जनसैलाब उत्साहवर्द्धक है। पाकुड़ से शुरू हुई यात्रा कई जिलों से गुजरती हुई सोमवार को झारखंड की राजधानी रांची में प्रवेश करेगी। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के रांची भ्रमण के दौरान विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी किया है।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि यात्रा रामगढ़ से रांची के इरबा, बूटी मोड़, बरियातू, हरमू होते हुए शहीद मैदान पहुंचेगी। इसके उपरांत शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष न्याय योद्धा राहुल गांधी संबोधित करेंगे। इस जनसभा में झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, सहित प्रदेश के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जिला अध्यक्ष, अग्रणीय मोर्चा के अधिकारी और आम जनता की सहभागिता होगी।



रामगढ़ जिला के कारकेड से राहुल गांधी इरबा के इंदिरा गांधी हैंडलुम प्रोसेस हाउस ग्राउंड पहुंचेंगे। वहां उनके कारकेड में रांची जिला के वार्निंग कार, पायलट कार एवं टेलकटर, रांची-रामगढ़ सीमा पर शामिल रहेंगे।

हाईराईज बिल्डिंग पर प्रतिनियुक्ति हाईराईज बिल्डिंग एवं अन्य भवनों में प्रतिनियुक्त बल सर्वप्रथम पूरे भवन को चेक कर सेनेटाईज कर लेंगे। तदोपरांत बिल्डिंग के छत को डॉमिनेट करते हुए उसके प्रवेश द्वार पर मुस्तैद रहेंगे तथा हर आने वाले की सुरक्षा जांच करने के उपरान्त ही बिल्डिंग में प्रवेश करने देंगे। संबंधित पुलिस उपाधीक्षक अपने निकट नियंत्रण में अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच खाद्य एवं पेय जल पदार्थ की जांच को लेकर संबंधित अधिकारी 02 फुड इंस्पेक्टर की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे। खाद्य / पेय पदार्थ की सुरक्षा को लेकर अतिविशिष्ट व्यक्ति को परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थ की जांच करना सुनिि्त करेंगे। परिचारी प्रवर-प्रथम इनके साथ 1/4 सशस्त्र बल प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। आकस्मिक चिकित्सालय मेदान्ता अस्पताल, रॉची एवं पारस अस्पताल के आकस्मिक अस्पताल के रूप में चिह्नित किया जाता है।

रेफरल अस्पताल रेफरल अस्पताल के रूप में रिम्स रांची को चिन्हित किया गया है। निदेशक रिम्स से अनुरोध है कि आकस्मिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधा तैयार रखेंगे। एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा सामग्री, चिकित्सक दल (जीवन रक्षक औषधी के साथ) की प्रतिनियुक्ति किया गया है। सिविल सर्जन रांची कारकेड के साथ रहेंगे, उनके एंबुलेंस के साथ चिकित्सा सामग्री, चिकित्सक दल (जीवन रक्षक औषधी के साथ) की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। परिचारी प्रवर, रॉची ब्लड ग्रुप के 02 पुलिस कर्मियों को सिविल सर्जन, रॉची को दिनांक 04.02.2024 को रिपोर्ट करना सुनिश्चित करेगें। उक्त के अतिरिक्त ईरबा, कार्यक्रम स्थल एवं शहीद मैदान, सेक्टर-2, कार्यक्रम स्थल पर अलग से एक-एक एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा सामग्री, चिकित्सक दल (जीवन रक्षक औषधी के साथ) की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

### राहुल गांधी का होगा भव्य स्वागत : राजद

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में रंजन कुमार की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में 5 फरवरी को रांची से गुजरने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भव्य स्वागत करने पर चर्चा हुई। युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश राजद कार्यालय के सामने राहुल गांधी का स्वागत किया जायेगा। इसलिए भारी संख्या में राजद कार्यकर्ता झंडा बैनर के साथ उपस्थिति सुनिि्त करें। बैठक में फिरोज अंसारी,जफीर खान, शहनाज खातून, मंतोष यादव,धर्मेंद्र सिंह, गायत्री देवी, कमलेश यादव, क्षितिज मिश्रा, गुलजार अंसारी, राजेश यादव, फरहान खान, सोनू, प्रशांत कुमार, चंदन कुमार, सुधीर यादव, शशि यादव, रामाकांत शर्मा समेत पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सुरक्षा को ले प्रशासन-पुलिस की संयुक्त बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पांच फरवरी को रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित होने वाली राहुल गांधी की न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी की तरफ से जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। उधर, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने भी अपनी तरफ से पूरी तैयारी कर ली है। रविवार को एसडीओ उत्कर्ष कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर आलोक के नेतृत्व में धुर्वा के शहीद मैदान प्रशासन और पुलिस की संयुक्त बैठक की गयी। जिसमें जिले भर के थाना प्रभारी और कई डीएसपी मौजूद रहे। बैठक के बाद एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बताया कि राहुल गांधी रामगढ़ से सोमवार को न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए रांची पहुंचेंगे। रांची के ओरमांझी इलाके के इरबा में पहुंचने के बाद जिला प्रशासन पूरे सुरक्षा के साथ उन्हें धुर्वा तक एस्कॉर्ट करेगा। राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। वहीं विभिन्न चौक-चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश पदाधिकारियों को दिए गए हैं। पांच फरवरी को आयोजित होने वाली राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर रांची जिले के एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर आलोक ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन पार्टी की तरफ से किया गया है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था जिला प्रशासन मुहैया कराएगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को सभा स्थल तक पहुंचने से पहले सुरक्षा के मानकों का पालन करना होगा। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर आलोक ने बताया कि शहीद मैदान में चारों ओर डीएफएमडी गेट लगाए जा रहे हैं। मेटल डिटेक्टर जांच के बाद ही लोगों को सभा स्थल में प्रवेश की अनुमति होगी। जिला प्रशासन की बैठक में पहुंचे सभी थाना प्रभारी को यह निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ को ना जमा होने दें। वहीं यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि कोई बड़े वाहन की पार्किंग गलत तरीके से होती है तो उसे तुरंत रोकें। यदि कोई भी व्यक्ति मना करने के बावजूद वाहनों की पार्किंग गलत तरीके से करता है तो उसपर नियमसंगत कार्रवाई करें। बता दें कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा पांच फरवरी को रांची पहुंचेगी। इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रांची जिला प्रशासन के द्वारा कर लिए गए हैं।

# आसपास रहनेवाले लोगों के कारण हेमंत गये जेल : लोबिन

### झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से मिलने के बाद सरकार को समर्थन देने का दिया भरोसा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में मचे सियासी घमासान के बीच जेएमएम के बागी विधायक लोबिन हेम्ब्रम मीडिया के सामने आये और अपना आक्रोश जाहिर किया। रविवार को उन्होंने सबसे पहले झामुमो सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से मुलाकात कर उनका आशिर्वाद लिया।

झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मुलाकात के बाद विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि हेमंत सोरेन के आसपास रहने वाले लोगों ने उन्हें फंसाने का काम किया है। इन्हीं के गलत सलाह के कारण उन्हें जेल जाना पड़ा है। उन्होंने विधायकों के हैदराबाद जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर इरादा सरकार को समर्थन देने का है तो कोई विधायक खरीदा नहीं जा सकता। अगर विधायकों के बिकने की मंशा होगी तो वह हैदराबाद तो क्या विधानसभा के अंदर भी बिक सकते हैं।



लोबिन हेंब्रम ने कहा कि 5 तारीख को विधानसभा में सरकार बनाने के लिए बहुमत साबित करने में उनका पूरा समर्थन रहेगा। लेकिन सरकार को उनकी मांगों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि विधानसभा में वे हमेशा जनता के हित के लिए कई मांगें करते रहे हैं। जिसे पूरा करना होगा।

**सरकार से की ये मांग :** लोबिन हेंब्रम ने अपनी पहली मांग बताते हुए कहा कि झारखंड को सबसे पहले नशामुक्त राज्य बनाया जाये। उन्होंने कहा कि विधानसभा में वे झारखंड को नशामुक्त राज्य बनाने के लिए हमेशा आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है। इसके अलावा झारखंड में ऐसी कई खदानें हैं। इनके अधिग्रहण के लिए हजारों लोगों को विस्थापित किया गया है, लेकिन अब तक किसी भी विस्थापित को मुआवजा नहीं मिला है। इसलिए उन्होंने सरकार से मांग की कि राज्य में विस्थापन आयोग का गठन किया जाये।

लोबिन हेम्ब्रम ने सरकार से यह भी मांग की है कि ग्राम सभा को मजबूत करने के लिए पेसा कानून को झारखंड में मजबूती से लागू किया जाये। उनका कहना है कि झारखंड के विभिन्न खदानों में स्थानीय लोगों को हितधारक बनाया जाना चाहिए ताकि यहां की धन-संपत्ति से झारखंड के लोगों का उत्थान हो सके। इसके अलावा उन्होंने सीएनटी व एसपीटी एक्ट को सही ढंग से लागू करने की भी मांग की।

विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि ब्रिटिश काल से ही झारखंड में एसपीटी/सीएनटी एक्ट लागू है, लेकिन इसके बावजूद आदिवासियों की जमीन धड़ल्ले से बेची जा रही है। इसका सीधा नुकसान झारखंड के मूल आदिवासी और स्थानीय लोगों को हो रहा है। सरकार में बैठे अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने इन चार प्रमुख मांगों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### गंगा प्रसाद बुधिया की 120वीं जयंती आज

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के संस्थापक प्रसिद्ध समाजसेवी और शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वाले स्व. गंगा प्रसाद बुधिया की 120वीं जयंती 5 फरवरी को है। वर्ष 1963 में रांची के अपर बाजार में मारवाड़ी कॉलेज की स्थापना स्वर्गीय गंगा प्रसाद बुधिया ने की। स्व बुधिया के ईमानदार और निरंतर प्रयासों एवं शिक्षा ट्रस्ट द्वारा समाज के युवा और होनहार छात्रों, विशेष रूप से जनजातियों और वंचितों के लिए उच्च शिक्षा की सुविधा के लिए की गई थी। मारवाड़ी कॉलेज गवर्निंग बॉडी के पहले अध्यक्ष स्वर्गीय गंगा प्रसाद बुधिया थे। लाखों छात्र-छात्राएं अभी तक यहां से शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में नाम रोशन कर रहे है। स्व बुधिया धनाढ्य परिवार से होने के बावजूद साधारण परिवेश में जीवन व्यतीत करते थे।

### हेमंत में हिम्मत है तो क्यों दिल्ली से भाग कर आये रांची : अरुण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन में हिम्मत है तो क्यों दिल्ली से भाग कर रांची आये। डॉ उरांव रविवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कर्मो से जेल गये हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को कई बार पत्र लिखकर सचेत भी किया था। दोषियों पर कारवाई की सलाह दी थी।लेकिन सत्ता के अहंकार में कोई ध्यान नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि ईडी की कारवाई विधि सम्मत कार्रवाई है। लूट और भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई केलिए ही ईडी सीबीआई जैसी संस्थायें इस देश में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आनेवालों दिनों में समय के साथ भ्रष्टाचार की सभी परतें खुलेगी।झामुमो को उसका इंतजार करना चाहिए।और जिस न्यायालय के पास राहत पाने केलिए और अपने दलाल बिचौलियों को बचाने केलिए गुहार लगाते रहे हैं उनके फैसले का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि झामुमो ने किस मजबूरी में चंपई सोरेन को नेता चुना है, यह जनता समझ चुकी है। इतना ही था तो झामुमो बताये कि सरफराज अहमद का इस्तीफा क्यों हुआ। क्यों कल्पना सोरेन को विधायक दल की बैठक में शामिल कराया गया। झामुमो को बताना चाहिये कि दिल्ली से रांची भागकर आने के दौरान हेमंत सोरेन का रूट चार्ट क्या था।

# कन्हैया ने पूछा- क्या मोदी भगवान हो गये?

### देवघर में राहुल गांधी के पूजा के दौरान लगे मोदी नारे को कांग्रेस ने बताया गोड्डा सांसद की साजिश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। शनिवार को उन्होंने देवघर में द्वादश ज्योतिर्लिंग भगवान भोलेनाथ की पूजा की। उस दौरान कुछ लोगों द्वारा जयश्री राम और मोदी-मोदी के नारे लगाये गये। झारखंड कांग्रेस ने राहुल गांधी की देवघर न्याय यात्रा के दौरान मोदी-मोदी के नारे लगाने को गोड्डा सांसद की साजिश करार दिया है। वहीं एनएसयूआई नेता कन्हैया कुमार ने भी निशाना साधा है।

कन्हैया कुमार ने पलटवार करते हुए कहा कि अगर विरोध करने की जरूरत थी तो आगे आकर ऐसा करना चाहिए था। कुछ लोग ऐसी हरकतों पर उतर आए हैं। अगर वह आगे आते तो हम उन्हें प्यार से जवाब देते और उन्हें जोड़ने का काम करते। उन्होंने कहा कि नारा तो भोलेनाथ का होना चाहिए था, लेकिन नारा मोदी जी का था, तो क्या मोदी भगवान हो गए? भगवान राम के नाम पर राजनीति कर नाथूराम गोडसे की विचारधारा को लागू कर रहे हैं। इस समय देश में कुछ लोग ऐसी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसमें कोई विशेष अंतर नहीं है।

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति उर्फ रिंकू तिवारी ने कहा कि झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफलता मिल रही है। अपार जनसमर्थन से घबराकर बीजेपी और गोड्डा सांसद ने अपने प्रतिनिधियों से मोदी-मोदी के नारे लगवाये हैं। सोनाल शांति ने कहा कि देश में मोदी लहर नहीं बल्कि राहुल लहर है। मोदी लहर सिर्फ महिलाओं पर अत्याचार, भ्रष्टाचार और आपसी सौहार्द बिगाड़ने को लेकर है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन से बीजेपी चिंतित है क्योंकि उसे लग रहा है कि हिंदी भाषी राज्यों में उसकी हालत खराब हो सकती है।

# चंपई सरकार हेमंत पार्ट-2 बनेगी तो भाजपा करती रहेगी विरोध : भानु

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार की शाम प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं सीपी सिंह, बिरंची नारायण,रामचंद्र चंद्रवंशी, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल, अमित मंडल, केदार हाजरा, अनंत ओझा, अपर्णा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, किशुन दास, केदार हाजरा, समरी लाल, कोचे मुंडा, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, नारायण दास उपस्थित थे।

बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा





कि चंपई सोरेन सरकार सोमवार को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव लायेगी, लेकिन मुख्यमंत्री के बयान से यह नहीं लगता कि यह सरकार जनहित के लिए बनी है। कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपनी शपथ के बाद स्वयं कहा है कि वे हेमंत सरकार के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे। इसलिए स्पष्ट है कि चंपई सरकार हेमंत सरकार पार्ट-2 है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जैसे भ्रष्टाचार, खान खनिज की लूट, महिला उत्पीड़न, युवाओं के खिलाफ निर्णय, बेरोजगारों को धोखा, किसानों को धोखा दिया यह सरकार उसी को आगे बढ़ायेगी। कहा कि ऐसे हालात में भाजपा फिर इस सरकार के कारनामों का भी प्रबल विरोध करेगी। सदन में पार्टी विश्वास प्रस्ताव के विरोध में रहेगी।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी होने का रोना रोते हैं। उन्हें याद करना चाहिए कि कांग्रेस के दुत्कार के बाद भाजपा ने ही उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया था। राज्य गठन से लेकर भाजपा सरकार ने बार-बार आदिवासी समाज के कल्याण में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासी समाज से आनेवाले नेता बाबूलाल मरांडी को राज्य का प्रथम मुख्यमंत्री बनाया। केंद्र में आदिवासी मंत्रालय बनाये। आज देश की सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति आदिवासी समाज से आने वाली महिला हैं। कहा कि हेमंत सोरेन जी जब भ्रष्टाचार में पकड़े गये तो आदिवासी का रोना रोने लगते हैं। लेकिन, अब रोना-धोना नहीं चलने वाला। राज्य की जनता इनके कारनामों को जान चुकी है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने स्वयं अपने से संवैधानिक संकट पैदा करने की कोशिश की। फरार होकर रांची में प्रकट होते ही 400 से अधिक ट्रांसफर किये। गिरफ्तार की सूचना दिये जाने के बाद इडी को बिना बताये राजभवन चले गये। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी अस्थिरता की बात नहीं की। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद किया और करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सत्ताधारी ठगबंधन अंतर्कलह से घिरा है। विधायकों को करोड़ों रुपया देकर हैदरबाद ले जाया गया। इसलिए 10 महीने के बचे कार्यकाल को यह सरकार कितना पूरा करेगी, यह भविष्य बतायेगा।

## पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, बदले हुए मौसम में हो सकती है बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। उत्तर भारत में पि्मी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके कारण झारखंड के कई जिलों में सोमवार को मौसम बदला नजर आयेगा। कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। यह जानकारी रांची एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र ने रविवार को दी।

**आज हो सकती है हल्की बारिश** : राज्य के उत्तरी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में सोमवार को कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इसका असर गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा जिले में कहीं-कहीं देखने को मिलेगा। केंद्र के मुताबिक राज्य में अगले 2-3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद अगले 2 दिन इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

**कल हो सकती है इन जिलों में बारिश** केंद्र के अनुसार 6 फरवरी को राज्य के दक्षिण-पूर्वी, मध्य और निकटवर्ती उत्तर-पूर्वी में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, प्ि्म सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, रांची, रामगढ़, लोहरदगा, बोकारो, कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा जिले में देखने को मिलेगा।

**यहां के लिए अलर्ट जारी :** राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं घना कोहरा लगने की आशंका है। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसका असर गोड्डा, पाकुड़, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर जिलों में पड़ेगा।

## 20 को विधानसभा के समक्ष वैश्य मोर्चा का चेतावनी महाधरना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। यह बैठक 30 जनवरी को रामगढ़ में संपन्न आक्रोश सम्मेलन की समीक्षा, संगठन विस्तार, वैश्यों की जमीन लूट के बढ़ते मामले, आगे की रणनीति एवं कार्यक्रम के लिए रखी गई थी। बैठक में उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा गया कि रामगढ़ अनुमंडल प्रशासन द्वारा भूख हड़ताल की अनुमति नहीं दिए जाने के बाद भी 30 जनवरी को रामगढ़ में ही विशाल आक्रोश सम्मेलन आयोजित कर वैश्य मोर्चा ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा दिया. बैठक में कहा गया कि राज्य में वैश्यों के जमीन लूटने के मामले बढ़ गए हैं। जमीन के मामले में अवैध पैसे का लेन-देन और आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है।





बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 फरवरी भुरकुंडा में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के माताजी स्व. सहोदरी देवी के 12वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जबकि 20 फरवरी को अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना आयोजित किया जायेगा। 24 फरवरी को रामगढ़ जिला के रजरप्पा में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 200 कार्यकताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। बैठक में दो प्रस्ताव भी पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में कहा गया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह सांसद राहुल गांधी का झारखंड की धरती पर हम हृदय से स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अपनी पार्टी के नीतियों के अनुकूल राहुल गांधी झारखंड के वैश्यों एवं ओबीसी के लिए सकारात्मक बात करेंगे और पुनर्गठित महागठबंधन सरकार को निर्देश देकर ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, वैश्य समाज की लूटी गयी जमीन वापसी, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी तथा वैश्यों पर हो रहे अत्याचार, शोषण एवं जुल्म पर रोक लगाने की पहल करेंगे।

वहीं, दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि वैश्यों की जमीन लूट के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वैश्य समाज को शॉफ्ट टार्गेट के रूप में देखा जा रहा है। वैश्य मोर्चा इस बैठक के माध्यम से ऐसे लोगों को चेतावनी देती है कि जिन लोगों ने भी वैश्य समाज की जमीन को हड़प रखा है या केस में उलझा कर परेशान कर रहे हैं, वे जल्द से जल्द वैश्य समाज की जमीन को वापस कर दें। अन्यथा ऐसे जमीन माफियाओं, दलालों के खिलाफ सड़कों पर उतर कर कार्रवाई की जायेगी।

## सदर अस्पताल में तीन महीने में कैंसर के 250 ने कराया फ्री कीमोथेरेपी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के सदर अस्पताल में बीते एक नवंबर को कीमोथेरेपी सेवा की शुरूआत की गई थी। थेरेपी शुरू किए तीन महीने ही हुए हैं और 250 से अधिक मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत इसका लाभ भी मिल गया। वर्तमान में सदर अस्पताल के बाह्य रोगी विभाग में 350 से अधिक कैंसर मरीज का इलाज चल रहा है। अस्पताल के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. गुंजेश ने बताया कि कैंसर कई प्रकार के होते हैं। यहां आने वाले मरीजों में रक्त और स्तन कैंसर से जूझ रहे लोगों की संख्या सबसे अधिक है। अस्पताल वित्तीय बाधाओं के बिना विशेषज्ञों की देखरेख में इलाज करने के लिए प्रतिबद्ध है। जो लोग आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं, उनके लिए उपचार सरकारी दरों या न्यूनतम शुल्क पर किया जाता है। इसके साथ कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए विशेष ओपीडी सुविधाएं शुरू की गई है, जहां मरीज हर बुधवार और शुक्रवार को डॉक्टरों के साथ मिलकर फ्री परामर्श ले सकते हैं। रोगियों की सुविधा के लिए अस्पताल ने कैंसर मरीजों के लिए अलग कमरा नामित किया है, जिसमें 20 बेड आवंटित किए गए हैं। फिलहाल अस्पताल में करीब 8 मरीज भर्ती हैं, जिसका इलाज डॉ नवीन बर्णवाल और डॉ प्रकाश भगत के साथ मिलकर डॉ गुंजेश कर रहे हैं।

**कैंसर देखभाल की पहुंच बढ़ाना है : सिविल सर्जन :** सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि जिला में ज्यादा से ज्यादा कैंसर के मरीजों को सही उपचार मिले, इसके लिए हमेशा प्रयास कर रहा हूं। इसके साथ ही सदर अस्पताल रिम्स से भार को कम करने में अहम भूमिका निभाता है।

स्पीड न्यूज

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचवटी होटल के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौके पर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई ह॥ प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार के लगभग रात 7.30 बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। शव को बुंडू पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई है। बुंडू पुलिस सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स लेकर जाएगी।

### बुंडू में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी जोरों पर

**बुंडू।** बुंडू सहित पूरे पंच परगना क्षेत्र से खूंटी में आयोजित राहुल गांधी के भारत जोड़ो नया यात्रा कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिसकी तैयारी को लेकर युवा कांग्रेस के तमाड़ विधानसभा प्रभारी नीतीश पांडेय जिला सचिव जिला सचिव रोशन महतो अजय साहू, राजेश मुंडा, संदीप लोहार, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष मनोहर महतो, मुसरत हुसैन विदेशी मियां, मृत्युंजय दास, बुधराम सिंह मुंडा, आंध्रयश टूटी, राधा गोविंद मुंडा, विजय पांडे आदि दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता बुंडू, तमाड़, अड़की, राहे, सोनाहातू में दौरा कर शामिल होने के अपील किए हैं।

### ओरमांझी में राहुल गांधी के स्वागत की तैयारी

**ओरमांझी।** राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान ओरमांझी होते हुए पांच फरवरी को रांची पहुंचने वाली है। इसे लेकर क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्तागण काफी उत्साहित हैं। सड़क मार्ग के किनारे पार्टी के बैनर पोस्टर से पाट दिया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ता शंकर गुप्ता ने बताया, राहुल गांधी की एक झलक देखने व सुनने को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं। ग्रामीण क्षेत्र से भी काफी संख्या में कार्यकर्ता ओरमांझी पहुंचेंगे। बताया गया कि इरबा पहुंचने से पूर्व ओरमांझी में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी का स्वागत किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### उरुगुटू में नौ को मां काली की पूजा का निर्णय

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू गांव में ग्रामीणों की बैठक लाल मृत्युंजय नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी माघ अमावस्या के दिन 9 फरवरी की रात्रि मां काली की पूजा हर्षोल्लास पूर्वक करने का निर्णय लिया गया। पूजा की सफलता को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, सचिव लाल रणविजय शाहदेव, कोषाध्यक्ष प्रेमप्रकाश सिंह चुने गये। वहीं कमेटी में संरक्षक जगदीश पांडेय, अर्जुन पांडेय, राजू नायक, जयप्रकाश सिंह बनाये गये। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। ज्ञात हो कि हर वर्ष यहां मां काली की पूजा की जाती है। इसे लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह रहता है। आसपास सहित दूर-दराज के लोग भी पूजा करने पहुंचते हैं।

## रातू में आपराधिक गिरोह के आतंक से नागरिकों में भय का माहौल

# फेटा गांव से टर्बो ट्रक की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में आपराधिक गिरोह के आतंक से नागरिकों में भय का माहौल है। कारोबारी भी सहमे हुये हैं। कोई भी दिन ऐसा नहीं जब हत्या, लूट, छिनतई, चोरी व रंगदारी की तीन से चार घटनाएं न होती हों। बेखौफ अपराधियों ने शनिवार की रात संडे मार्केट निवासी और ईंट व्यवसायी पंचम सिंह का टाटा कंपनी की जीपीएस लगे टर्बो ट्रक जेएच 01 बीवी 8658 को निशाना बनाया। गाड़ी फेटा गांव में चालक सुरज गोप के घर के समीप खड़ी थी। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से थाने में अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 46-24 दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है। घटनास्थल का कॉल डंप कराया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। ज्ञात हो कि चालक सूरज गोप आम दिनों की तरह 2 फरवरी की शाम करीब 6 बजे ट्रक लेकर गांव पहुंचा और अपने घर के समीप खड़ा किया। अगले दिन रात के 9 बजे तक गाड़ी खड़ी थी। वह रविवार की सुबह 4 बजे सोकर उठा। बाहर निकला तो ट्रक को गायब पाकर उसके होश उड़ गये। उसने इसकी टेलीफोनिक सूचना मालिक पंचम सिंह को दी। काफी खोजबीन के बाद भी ट्रक का कोई पता नहीं चल पाया है।

### सिमलिया में टाइल्स चोरी करते ऑटो जब्त

**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। हालांकि शनिवार की रात 11.30 बजे गश्ती में निकले एएसआई नरेश कुमार यादव को बड़ी सफलता हाथ लगी। उन्होंने सिमलिया स्थित सीपी टाईल्स गोदाम में लगे ताले को तोड़कर टाईल्स को लाल रंग के मालवाहक ऑटो जेएच 01 एफजी 2527 में लोड करते पकड़ा और उसे जब्त कर लिया। लेकिन आरोपी फरार हो गया। ऑटो में 25 पेटी टाईल्स लोड थे। मामले को लेकर कंपनी के मैनेजर और पंडरा राधा नगर निवासी पंकज कुमार ने थाने में अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 45-24 दर्ज कराया है। पुलिस इसकी जांच में जुट गयी है। ज्ञात हो कि कंपनी के मैनेजर शनिवार की शाम गोदाम बंद कर घर चले गये। रात के करीब 11 बजे थानेदार सपन कुमार महथा को गुप्त सूचना मिली कि सीपी टाईल्स के बाहर लाल रंग की ऑटो खड़ी है। शटर का ताला तोड़ टाईल्स की चोरी कर उसे ऑटो में लोड किया जा रहा है। श्री महथा के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारी वहां पहुंचे, लेकिन आरोपी ऑटो छोड़ फरार हो गया।

### अधजले शव की हुई शिनाख्त

**मांडर।** हातमा जंगल से 3 फरवरी को अधजली अवस्था में बरामद 20 वर्षीया युवती के शव की शिनाख्त हो गयी है। मृत युवती मिनी कुमारी चान्हो के ओपा गांव की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार हातमा जंगल से युवती का शव बरामद होने की सूचना पर रविवार को मांडर थाना पहुंचे युवती के परिजनों ने घटनास्थल से मिले कपड़े, जूते व अन्य सामान से उसकी पहचान की। इधर मिनी कुमारी की हत्या के मामले को लेकर मांडर थाना प्रभारी बिनय कुमार यादव ने बताया कि मृतका मिनी कुमारी की पहचान के बाद उसकी हत्या कर शव को जलाने के मामले में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### राजधर साइडिंग रेलवे गेट चुराने पहुंचे चोर धराये, जेल



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधमियां में अज्ञात चोरों द्वारा सीसीएल रेलवे गेट काटने का प्रयास किया जा रहा था। प्रयासरत चोरों को ग्रामीणों व सीसीएल कर्मियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। जानकरी के अनुसार बीते रात्रि को अज्ञात चोरों ने राजधर रेलवे साइडिंग रेल लाईन समपार गेट का निशाना बनाया। चोरों ने गंझूटोला धमधमियां स्थित गेट नंबर-04 से बैरियर का सामान खोला जा रहा था। तभी सीसीएल कर्मी गार्ड व ग्रामीणों ने चोरी करने आये चोर को पकड़ लिया। पकड़ कर सीसीएल सुरक्षा कर्मी रामजतन गंझू को सूचना दिया गया। इसके बाद सीसीएल सुरक्षा कर्मी ने मैक्लुस्कीगंज थाना को सूचित किया। सूचना पाकर मैक्लुस्कीगंज घटना स्थल पर पहुंच कर पकड़े गए चोरों को हिरासत में ले लिया। चोरी करने आये चोरों के पास से एक मोटरसाइकिल जेएच 01 एपी 2726 नट वोल्ट खोलने वाला उपकरण व बेरियर का कट पीस पाया गया। रेलवे गेट के चोरी कर रहे आरोपी सयुब खान उर्फ ढेला पिता स्व० राजबुल खान ग्राम खलारी बाजारटांड़ थाना खलारी, तौफिक अंसारी पिता रफीक अंसारी ग्राम जी टाईप थाना खलारीएशकीम खान पिता हाफीज खान सा मुन्ना घौड़ा थाना मैकलुस्कीगंज का बताया गया है। पकड़े गए चोरों को सुरक्षा कर्मी रामजतन गंझू के लिखित शिकायत व वर्तमान में सुरक्षा प्रभारी अशोक ओसीपी राजघर साईडिंग के टंकित आवेदन के आधार पर मैकलुस्कीगंज थाना कांड संख्या धारा 379-411 पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## अज्ञात वाहन के धक्के से घायल व्यवसायी की मौत

● काठीटांड़ के थे सुरेश गुप्ता, रविवार शाम की है घटना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के ललितग्राम के पास रविवार की शाम करीब 7 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल काठीटांड़ निवासी व व्यवसायी 55 सुरेश प्रसाद गुप्ता की मेडिका में इलाज के दौरान मौत हो गयी। उनके सिर पर गंभीर चोटें आयी थी। इससे पहले हर्षित हॉस्पिटल में उनका प्राथमिक उपचार कराया गया था। वह अपने तिलता स्थित प्रतिष्ठान से पैशन प्रो मोटर साइकिल जेएच 01 बीए 5787 में घर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिकए जैसे ही वह पेट्रोल पंप से आगे बढ़ेए समान दिशा से आ रहे किसी वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

#### आज होगा पोस्टमार्टम

थानेदार सपन महथा ने बताया कि सोमवार को मृतक के शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जायेगा। उनके परिवार में पत्नी समेत तीन पुत्र और एक पुत्री है। पुत्री की शादी हो चुकी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी बार-बार बेहोश हो रही थी।

#### क्षेत्र में शोक की लहर

दुर्घटना में श्री गुप्ता की आकस्मिक मौत पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। काठीटांड़ दुकानदार संघ ने इसे व्यवसाय के क्षेत्र अपूरणीय क्षति बताया है। शोक व्यक्त करने वालों में अरविंद पांडेय, पृथ्वीनाथ शाहदेव, मोहन साहू, सरवर खान, हीरामणि साहू, यासीन अंसारी, राजकिशोर सिंह, विवेक सिंह व अनिल दयाल आदि शामिल हैं।

## मारूति मंगल परिवार राज्य भर में चलायेगा मतदाता जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सामाजिक संस्था मारूति मंगल परिवार की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के विभिन्न जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस आशय का निर्णय बिजुलिया महादेव टंगरा स्थित प्रधान कार्यालय में केन्द्रीय अध्यक्ष बिक्रम महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान लिया गया। इसकी जानकारी देते हुये श्री महतो ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में हजारीबाग, सिमडेगा, रामगढ़, लोहरदगा, खूंटी, गुमला व रांची शामिल है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान की प्रासंगिकता से ग्रामीण क्षेत्र के लोग अनभिज्ञ हैं। परिवार के सदस्य सुदूर ग्रामीण इलाके में घर-घर जाकर इसे मूर्त रूप देंगे। बताते चलें कि संस्थाए सर्व समाज के उत्थान, जुआ, शराब, अंधविश्वास, बालविवाह, सड़क दुघर्टना, मृत्युभोज एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के दुष्प्रभाव को कम करने के लिये पिछले कई वर्षों से निरंतर प्रयासरत है।

#### बैठक में लिया हिस्सा

संगठन प्रमुख सुमेश कुमार, सचिव मदन कुमार जिला समिति सदस्य अमरनाथ भोगता, जन्मेजय महतो, धरमचंद महतो, बालकिशोर मुंडा, कामेश्वर बेदिया, मनोज महतो, निरंजन गोप, पवन कुमार, जितवाहन प्रजापति, जयप्रकाश उरांव, भोला कोइरी, अजय जोगी व संजय कुमार आदि।

### शिविर में 320 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**सोनाहातू।** प्रखंड के चिरगालडीह गांव में रविवार को पंजाबी हिंदू बिरादरी के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया। बिरादरी द्वारा ये पांचवां स्वास्थ्य जांच शिविर था। शिविर का आयोजन समाजसेवी प्रदीप महतो के सहयोग से किया गया। शिविर में डॉ अजय छाबड़ा, डॉ पंकज चौधरी, डॉ श्रेयसी एक्का, डॉ हिमानी नंदा, डॉ तुषार आर्या एवं डॉ उदीप लाल ने लोगों की जांच की। हृदय, स्त्री, हड्डी, दंत, नेत्र, सामान्य रोग एवं मधुमेह से सम्बंधित लोगों की जांच कर दवाएं दी गईं। दवा की व्यवस्था अशोक माकन द्वारा किया गया। शिविर में 320 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। शिविर का उद्घाटन डॉ राजाराम महतो, डॉ अजय छाबड़ा, बिरादरी अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश मेहरा एवं राजेश खन्ना ने दीप जलाकर किया।

## राणाडीह में हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त

### चार हाथियों का झुंड मचा रहा है उत्पात

खबर मन्त्र संवाददाता





**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के राणाडीह गांव में शनिवार रात को 4 की संख्या में हाथियों का झुंड गांव में दो घर को ध्वस्त किया है। गांव के हीरालाल महतो और लखिन्दर महतो के घर को हाथी ने धवस्त हुआ है। घर का दीवाल गिरने के बाद हाथियों ने घर में रखे धान को भी खाया है। ग्रामीण हाथियों के डर से काफी भयभीत है। इधर गलऊ पंचायत के वनडीह गांव के रविन महतो के एक एकड़ में तैयार आलू फसल को जंगली सूअर ने रौंद दिया है। ग्रामीणों को कहना है कि एक तरफ हाथी दूसरी तरफ सूअरों के उत्पात त्रस्त हो रहे हैं।

### बोदा गांव में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात

चार किसानों के फसलों को रौंदकर किया बर्बाद

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बोदा गांव में पांच जंगली हाथियों के झुंड ने शनिवार की रात करीब दो बजे उत्पात मचाते हुए खेत में लगे मटरए आलू, सरसों व गेहू के फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। जहां जंगली हाथियों ने बोदा गांव निवासी हरिमोहन गोप, शिव नारायण गोप और सुधीर मुंडा के मटर व सरसों और शंभु गोप के आलू समेत सत्येंद्र गोप के गेहूं के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। खेतों में रौंदे फसलों को देखकर किसान कराह रहे हैं। इधर जंगली हाथियों के चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को विवश हैं। साथ ही गांव के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। वहीं जिम्मेदार उदासीन हैं। आए दिन हाथियों द्वारा किसानों के तैयार फसल बर्बाद होने से उन्हें चिंता सता रही है कि दुकानदारों व बैंक का कर्ज कैसे चुकता करेंगे। इधर किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## भूसे में छुपा कर यूपी ले जाया जा रहा 2 हजार किलो डोडा जब्त, दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** रविवार को ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खरसीदाग ओपी पुलिस ने ओपी क्षेत्र के रिंगरोड पर एक ट्रक डोडा की खेप बरामद की है मामले में ग्रामीण एसपी ने बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि खूंटी से डोडा की एक बडी खेप एक टेलर ट्रक संख्या आरजे07जीसी 5769 से उत्तर प्रदेश के लिए निकली है, जिसके बाद खूंटी से रांची की ओर आने वाले सभी मार्गो पर चेंकिग अभियान शुरू कर दिया गया इसी दौरान पुलिस ने रिंगरोड पर पशुचारा (भूसा) से भरा ट्रक तलाशी के लिए रोका तो चालक ने बताया कि वे भूसा लेकर उत्तरप्रदेश के कानपूर जा रहे है जिसके बाद ओपी प्रभारी सुकदेव साहा का शक गहराया और उन्होने भूसे की तलाशी लेनी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस को भूसा के बीच नब्बे बोरा में छिपा कर रखा गया लगभग दो हजार किलोग्राम डोडा बरामद किया और मौके पर ही तस्कर चालक रामगोपाल और खलाशी सुरेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि दोनों राजस्थान के बीकानेर के रहनेवाले है और तस्करों के कुरियर ब्वॉय के रूप में काम किया करते थे। दोनो ने बताया है कि डोडे की खेप को खूंटी से लेकर कानपुर जाने वाले थे। हालांकि किनके द्वारा उन्हें डोडा उत्तर प्रदेश पहुंचने की जिम्मेदारी दी गई थी, यह वे नहीं बता पाए। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि गिरफ्तार ट्रक ड्राइवर और खलासी से पूछताछ की जा रही है। खूंटी में जिस स्थान से दोनों ने ट्रक पर डोडा लोड किया था उसे स्थान की पहचान की जा रही है।

## मुड़हर पहाड़ पर केसरवानी वैश्य सभा ने किया वनभोज

**पिठोरिया।** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह सह वार्षिक वनभोज का आयोजन पिठोरिया स्थित मुड़हर पहाड़ में किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत जिला के पदाधिकारी एवं आए हुए अतिथियों के द्वारा महर्षि कश्यप की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस समारोह में बच्चों के लिए चॉकलेट रेस, फुटबॉल को किक मारके रिंग में डालना, ओम का उच्चारण जैसे अनेक प्रतियोगिता के साथ नृत्य की प्रतियोगिता हुई। महिलाओं के लिए रामायण क्विज और पुरुषों के लिए महाभारत क्विज का आयोजन किया गया। सभी सफल प्रतिभागियों के साथ शिक्षा अन्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों- अभ्यर्थियों को पुरस्कृत किया गया। अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य सभा के राम शरण केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा के ऊपर विशेष ध्यान देना होगा। शिक्षा के बगैर समाज का विकास संभव नहीं है। शिक्षा से ही समाज की कुरीति मिटेगी और समाज सुखी संपन्न होगा। जिला अध्यक्ष कार्तिक कुमार केसरी ने कहां कि ऐसे आयोजन से स्वजातीय बंधुओं में आपसी एकता बढ़ती है। साथ ही विवाह योग्य युवक.युवतियों को शादी के निमित्त एक मंच मिलता है। आज के कार्यक्रम में अजीत केसरी, मदन केसरी, उमेश केसरी, दौलत केसरी, गोपाल साहू, रामकिशोर साहू, मदन केसरी, संजय चौधरी, मनीष केसरी, अखिलेश केसरी, रामजीवन केसरी, दिनेश केसरी, हेमंत केसरी, दीपक केसरी, अशोक केसरी, जयप्रकाश केसरी, संजीव केसरी, रवि केसरी, प्रमोद केसरी पुरुषोत्तम केसरी एवं अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### गरीबों के बीच कपड़ा और कंबल का वितरण

**बेड़ो।** बेड़ो कपड़ा बैंक की टीम के द्वारा रविवार को कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में मानपुर बस्ती में जरूरमंदों के बीच 300 कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया गया। इसे लेकर लोग खुश थे।

### अनगड़ा : लुपुंग की क्रिकेट टीम बनी चैंपियन



**अनगड़ा।** साल्हन मैदान में वाईएससी साल्हन द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेन्ट का फाइनल मैच सिमलिया बनाम लुपुंग क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। आठ-आठ ओवर के फाइनल मुकाबले में लुपुंग ने पहले बालेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवाकर 94 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी में सिमलिया की टीम आठ ओवर की समाप्ति तक 44 रन ही बना पायी। मैन ऑफ दी मैच लुपुंग के रोहित कुमार को दिया गया विजेता टीम को पन्द्रह हजार रुपए नकद और एक ट्रॉफी उप विजेता टीम को दस हजार रुपए नकद और ट्रॉफी दी गईए मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के रामसाय मुंडा थे विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री सुनील महतो ग्राम प्रधान शिबू मुंडा कुंदन गोस्वामी थे आयोजन समिति के संयोजक अजय करमाली अध्यक्ष सूरज कच्छप सचिवरूप्रेमचन्द कच्छप कोषाध्यक्ष संजय महतो सहित सुजीत कच्छप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सामूहिक वाद्य यंत्रों की धुन पर मंत्रमुग्ध हुए विद्यार्थी

### ए वन पब्लिक स्कूल का मना वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



वाद्य यंत्र की सामूहिक धुन प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**ओरमांझी।** ए वन पब्लिक स्कूल नेवरी विकास में रविवार को 24वां वार्षिक महोत्सव में विद्यालय के छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से वाध्य यंत्र की धुन प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गिटार, तबला, हारमोनियम, कानपुरी, बांसुरी, जलतरंग व वायलिन सहित कई वाद्य यंत्रों से जब एक साथ देशभक्ति धून बजी तो उपस्थित लोग ताली बजाकर छात्राओं की प्रस्तुति की सरहाना की। इसके अलावे छात्राओं द्वारा नृत्य के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के कला संस्कृति प्रस्तुत किए। वहीं छात्र-छात्राओं के ग्रुप ने प्रेम व परिवार की मार्मिक नाटय प्रस्तुत कर अपने वृद्ध माता-पिता को सम्मान देने व वृद्धा आश्रम में नहीं अपने साथ रखने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार फाउंडेशन एंड कास्टिंग रामगढ़ के अध्यक्ष डॉ हरिकृष्णा बुधिया के साथ प्रमुख सोमनाथ मुंडा, जिप सदस्य संजक कुमार व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। वहीं विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा विद्यालय में उतम षिक्षा के साथ कला संस्कृति की भी शिक्षा देना महत्वपूर्ण है। कला संस्कृति व भाषा ही किसी भी प्रदेश की पहचान है। वहीं जिप सदस्य संजय कुमार ने कहा इस विद्यालय में ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ते हैं। वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रतिभा को जानने का अवसर मिला। उन्होने कहा किसी भी बच्चे की सार्वागिण विकास के लिए उसके प्रतिभा को अवसर देना जरूरी है। वहीं विद्यालय के निदेशक मालती गुप्ता ने विद्यालय की उपलब्धियों का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दी। कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा को तरासने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय पर भरोसा बनाए रखने व अपने बच्चों को नामांकण कराने के लिए अभिभावकों के प्रति आभार जताया। इसके अलावा अन्य अतिथियों ने भी संबोधन किया और विद्यालय व बच्चों की प्रतिभा की सरहाना की।

#### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके मुखिया साधो उरांव, उपमुखिया मज्झर अंसारी, प्रचार्य कंचन रानी, वरिष्ठ समाज सेवी महेश अग्रवाल, कबीर क्यास, खेमराज महतो, अनुष्का नायक, देबजानी सराखेल, रेखा मिंज, आशा कुमारी, मधु वर्मा, स्विटी जेस्स सहित अन्य शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।


**RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY**

At+PS:- Nawadih Kala, PO. - Bishrampur, Distt.:- Palamu (Jharkhand)

Established by the act of Government of Jharkhand Act, 10,2018,Gazette Notification No-903

Approved by the UGC u/s 2 (f) of UGC Act, 1956

Web: http://www.rcu.edu.in, Email Id: reg.rcuniversity@gmail.com

NOTICE

I, **Debasis Mandal,** s/o Knan chandra Mondal, on behalf of Ramchandra Chandravansi University Bishrampur, Palamu Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as here under.

1. That an affidavit is filed by me vide **Book No. XIV, Serial No. 730 Dated 18.01.2024** before Notary, Medininagar, Palamu, Jharkhand clarifying the date as August 26.2023 being the actual date for first Ph.D. Degree awarded by this University.
2. That the Ph.D. awarded prior to August 26.2023 (until August 25.2023) is considered illegal, and hence, made null and void by this University.
3. That the above contents are true and correct.

**(Debasis Mandal)**
**REGISTRAR**

## स्पीड न्यूज

### राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा समय से गुजरी बोकारो में



**बोकारो।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निर्धारित समय में पूर्व निर्धारित रास्ते तेलमोच्चो जोधाडीह मोड़ नया मोड़ होते हुए अगले पड़ाव के लिए गुजरी। बोकारो में न्याय यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उत्साहित थे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ चल रहे कांग्रेस के वरीय नेता जयराम रमेश एवं प्रवक्ता कन्हैया कुमार ने भाजपा व आरएसएस को तोड़ने वाली और कांग्रेस को जोड़ने वाली पार्टी बताया। सभी सरकारी उद्योगों को मोदी सरकार द्वारा बेचने की साजिश की चर्चा करते हुए उन्होंने श्री राम के नाम पर राजनीति करने की कटू आलोचना की। झारखंड में अगली सरकार कांग्रेस की बनने का विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने इंडिया गठबंधन पर विस्तृत चर्चा की। जिला पदाधिकारियों की तुलना में पार्टी के समर्थक बड़ी संख्या में उत्साहित नजर आए।

### महाराष्ट्र कमाने गये युवक की पहले दिन ही हुई मौत



ललित कुमार बैठा।

**कांडी।** थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी 48 वर्षीय ललित कुमार बैठा का शव एम्बुलेंस से शनिवार की रात जैसे ही उनके आवास पर पहुंचा चारो तरफ कोहराम मच गया। मृतक का अंतिम संस्कार कोयल नदी में रविवार को किया गया। परिजनों ने बताया कि ललित की मत्यु महाराष्ट्र के नागपुर जिला के कारगट्टा में एक कंपनी में दो फरवरी को एक दुर्घटना में मजदूरी करने के दौरान हो गयी थी। मृतक घर से सोमवार को वहां गए थे। वे शुक्रवार से ही एमभिबी नामक कंपनी में काम करना शुरू किए थे कि उसी दिन संध्या सात बजे बिलि्डग का स्लैब टूट कर गिर गया और वे उसी के नीचे दब गए और उनकी मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गयी। मृतक बिहार के एक ठेकेदार के ठीकेदारी में गए थे। वे घर के एक मात्र कमाऊ सदस्य थे। उनकी मृत्यु से परिवार के उपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे पत्नी जयमालती देवी, 28 वर्षीय दो पुत्र राणा प्रताप कुमार व 21 वर्षीय सूरज कांत कुमार को छोड़ गए हैं। एक लड़की जिज्ञासा कुमारी जिसकी शादी हो चुकी है। वहीं शव आने की जानकारी मिलने पर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सह राजद के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह शिवपुर में मृतक के निवास स्थान पर जाकर शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त किये एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए भगवान से प्रार्थना की। मौके पर राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा, शिक्षक मदन मोहन राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चंद्रपुरा प्रखंड में पंसस सामान्य बैठक संपन्न



**बेरमो/चंद्रपुरा।** प्रखंड के पंचायत समिति के सामान्य बैठक में पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता द्वारा कई प्रस्ताव रखा गया, जिसमें मुख्य रुप से चंद्रपुरा प्रखंड को तेनुघाट अनुमंडल से हटाते हुए चास अनुमंडल में शामिल किया जाय क्योंकि तेनुघाट कि दूरी 60 किलोमीटर है जबकि चास मात्र 13 किलोमीटर ही है, इसका मैंने जोरदार तरीके से प्रस्ताव में रखी जिसको सभी माननीय सदस्यों के द्वारा भी सर्वसम्मती से इस प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। इसके साथ ही पंचायत समिति सदस्यों को समान रूप से पंचायत समिति मद मिले, इसका भी मैंने बात रखी, क्योंकि देखा जा रहा है कि बीते करीब दो वर्षों में छः पंचायत को अभी तक एक भी रुपया नहीं मिला है, जो पक्षपात को दर्शाता है, इसके साथ ही जन वितरण के दुकान में जब भी राशन का वितरण हो, बनाये गए निगरानी समिति के निगरानी में ही वितरण हो इसका भी मैंने प्रस्ताव रखी, साथ ही कई अन्य प्रस्ताव को रखा।

### बोकारो सदर अस्पताल से निकली कैंसर जागरूकता रैली



**बोकारो।** बोकारो सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में कैंसर जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपाधीक्षक डा कुमार ने बताया कि कैंसर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। कैंसर के बढ़ते खतरों को लेकर लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। एनसीडी कोषांग द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मुख कैंसर ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की जांच की जाती है। नोडल पदाधिकारी एनसीडी डा सुधा सिंह द्वारा बताया गया कि भारत ही नहीं दुनिया भर में महिलाएं ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर का सामना कर रही हैं। जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा ने बताया कि सामुदायिक स्तर पर कैंसर की जांच सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा जांच की जा रही है। कार्यक्रम में चिकित्सक सज्जाद आलम जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार सिन्हा कंचन कुमारी आरती कुमारी मिश्रा एवं जिला परामर्शी मो असलम के साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष की ताजपोशी ने जगायी कइयों की उम्मीद

● निगाहें ठाकुर के एक्शन और बिपिन के सजेशन पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नये जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो, प्रभारी बिपिन।

**गढ़वा।** आठ वर्षों बाद गढ़वा जिला भाजपा को नया अध्यक्ष मिला है। शनिवार को भंडरिया प्रखंड के ठाकुर प्रसाद महतो को अध्यक्ष का ताज पहना दिया गया। इस ताजपोशी के साथ श्री महतो को बीते आठ वर्षों की उपलब्धि तो हाथ नहीं लगी, लेकिन उतने दिनों में कार्यकताओं के अंदर पनपे और वटवृक्ष बने उलझने उनके माथे जरूर सवार हो गयी हैं। इन उलझनों को खत्म करने अथवा उन्हें पोषित करने सरीखे उनकी परीक्षा एक सप्ताह के भीतर ही होने वाली है। क्योंकि आलाकमान से उन्हें एक सप्ताह में ही जिले की समिति गठन कर लेने का निर्देश मिला है। जिले में संगठन को सुचारू रूप से चलाने में मदद करने और हर भटकाव को रोकने के लिए पलामू के प्रखर भाजपा नेता पलामू के पूर्व जिला अध्यक्ष, चतरा जिला के पूर्व संगठन प्रभारी, पलामू जिला 20 सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान में पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के संयोजक बिपिन बिहारी सिंह को गढ़वा जिला का संगठन प्रभारी बनाया गया है। अब जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो और संगठन प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह की बड़ी जिम्मेवारी है गढ़वा में विवाद रहित संगठन चलाने और रिजल्टओरिएण्टल बनाने का। अब सबकी निगाहें इन दोनों की पैंतरे पर टिक गई है। इन दोनों नेताओं के सामने दो महत्वपूर्ण चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। एक इनसे वैसे नेताओं की अपेक्षा होगी जो अपने आप को उपेक्षित समझ रहे थे और चाहकर भी वे अपना योगदान संगठन में नहीं दे पा रहे थे। दूसरा यह कि जो अपने ढंग से मनमाफिक संगठन का कदमताल करा रहे थे और अपने आप को संगठन में सुपर-डुपर समझ रहे थे। अब देखना यह होगा कि गढ़वा जिला भाजपा के पदाधिकारी के बदलने पर संगठन में बदलाव दिखता है या फिर सभी को खुश रखने का मध्यम मार्ग अपनाया जाता है। मध्यम मार्ग अपनाने पर संगठन ऊर्जावान होकर प्रभाव का ज्वाला विखेर देगी, ऐसा नहीं लगता। जरूरत एक कड़ा और बड़ा निर्णय की होगी और ऐसा करने का मद्दा ठाकुर महतो और बिपिन सिंह की शुरूवाती गतिविधि में दिख रहा है।

अध्यक्ष बनाये जाने के बाद ठाकुर महतो की गढ़वा जिला मुख्यालय में धमाकेदार एंट्री हुई। कार्यकताओं ने पूरन चैक पर उनका जोरदार एवं भव्य स्वागत किया। गढ़देवी मन्दिर में दर्शन के बाद वह कार्यकताओं के काफिले के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचे। वहां अपेक्षा से अधिक भीड़ जुटी। कार्यकताओं के भरपूर जोश के बीच श्री महतो की ताजपोशी कर दी गई।

### करूंगा सर्वश्रेष्ठ प्रयास : ठाकुर प्रसाद महतो

गढ़वा जिला भाजपा के कमान संभालने के बाद ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि वह एक अदना सा कार्यकर्ता हैं। विपरीत परिस्थिति में भी उन्होंने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा। अब उनके कंधे पर पार्टी का जिला अध्यक्ष का बड़ा दायित्व है। वह अपने इस पुनीत, पार्टी और राष्ट्रहित के दायित्व का निर्वहन कार्यकताओं के सामूहिक निर्णय और पार्टी के निदेशों के अनुरूप करेंगे। वह इस कार्य को अध्यक्ष नहीं बल्कि एक छोटा कार्यकर्ता समझकर करेंगे। इसके लिए वह सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते रहेंगे।

### जनहित में अपने आप को समर्पित करें कार्यकर्ता : बिपिन सिंह

गढ़वा जिला संगठन के नए प्रभारी सह पलामू लोक सभा क्षेत्र चुनाव के संयोजक बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता जनहित में अपने आप को समर्पित करें। प्रभावकारी और परिणामदायक कार्य ही भाजपा की पहचान है। सभी लोग लोक सभा चुनाव के निमित गांवों में प्रवास करें। 24 घण्टा गांव में बिताएं। पन्ना प्रमुख और बूथ प्रभारी के साथ बैठक कर पार्टी की निर्णयों से अवगत कराएं और केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों को घर-घर तक पहुंचने में महती भूमिका निभाएं।

झामुमो पर आस्था रखते हुए इमरान खान के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने पार्टी का दामन थामा

## राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है : जयनारायण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** झामुमो स्थापना दिवस के अवसर पर झामुमो फुसरो नगर के शहीद निर्मल महतो स्मारक भवन करगली में केक कटकर 52 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें झामुमो पर आस्था रखते हुए इमरान खान के नेतृत्व में दर्जनो महिलाओं ने पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर झामुमो फुसरो नगर समिति की ओर से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पूरे दल बल के साथ फुसरो नगर से गोल्फ ग्राउंड धनबाद के लिए रवाना हुई। झामुमो जिला सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि पार्टी मे महिलाओ के जुड़ने से मजबूती आएगी। कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। झारखंड की बेटियां पूरे देश और दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। हमें अपनी बेटियों पर गर्व है। युवा नेता भोलू खान और नगर अध्यक्ष दीपक महतो ने राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत महतो, नगर सचिव अनिल रजवार, कोषाध्यक्ष मोशिन रजा, उपाध्यक्ष टीकू महतो, संयुक्त सचिव पानबाबू केवट, पूर्व केंद्रीय सदस्य बनवीर मिश्रा,सहित महताब खान, हर्ष कुमार, सूरज बाउरी, जितेंद्र नायक, इमरान खान, जयनाथ मेहता, रोहित महतो, राजा, डब्लू, सद्दाम हुसैन, अंटू घासी, उपेंद्र घासी, जितेंद्र घासी, दीपक गुप्ता, उर्मिला देवी, दुलारी देवी, रेणु देवी, ललिता कुमारी, रजनी कुमारी, कविता देवी, पिंकी देवी, नूरजहां खातून, सब्र खातून, सुभाष पासवान, सकुन देवी, सोनी देवी, संतोष यादव, सुरेश राम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### विप्र समाज ने यूपीएससी में सेकंड टॉपर अदिति को किया सम्मानित



**बोकारो।** संपूर्ण विप्र समाज बोकारो ने यूपीएससी की आईईएस की परीक्षा में देशभर में दूसरे स्थान पर रही बोकारो की अदिति झा को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। अदिति को मोमेंटो मेडल व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र के नेतृत्व में अदिति के आवास पर आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल प्रदेश महासचिव संगठन मृणाल कांत चौबे जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिवाकर दुबे महासचिव श्रवण कुमार झा सचिव अरुण पाठक सह कोषाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए अदिति को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र ने कहा कि अदिति ने यूपीएससी परीक्षा में देश की सेकंड टॉपर बनकर पूरे समाज का मान बढ़ाया है।

### बीएसएल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का समापन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता माह अभियान तथा क्लियर पाथ वे माह के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी सीजीएम विभागाध्यक्ष तथा पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। क्लियर पाथ वे माह के विजेता के रूप में सीओ एवं सीसी आरएमपी सिंटर प्लांट एसएमएस 2 एवं सीसीएस तथा आरजीबीएस विभाग पुरस्कृत हुए। सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत आयोजित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में एसएमएस 2 एवं सीसीएस की टीम बुलंद को प्रथम एसएमएस न्यू की टीम लक्ष्य को द्वितीय यातायात की टीम उड़ान को तृतीय तथा सीओ व सीसी की टीम उत्कल को चतुर्थ पुरस्कार और ऑनलाइन क्विज में करमचंद गोप को प्रथम भवानी हंसदा व सुश्री आयुषी कुमारी को द्वितीय नितेश रंजन व सर्वेज अंसारी को तृतीय तथा दीपक कुमार परिदा असीम जॉन भुइयां नयूम अख्तर अंसारी तुलसी साहू अशोक कुमार मीणा तथा अभिषेक वर्मा को चतुर्थ पुरस्कार मिला। ऑनलाइन क्विज में ही ठेका श्रमिक नित्यानंद गोस्वामी को प्रथम पुरस्कार मिला। वीडियो क्लिप प्रतियोगिता में सुश्री प्रीति शर्मा रवि रंजन कुमार व योगेंद्र मीणा को तथा एनसीसी ऑफिसर्स जेपी पांडेय प्रधानाध्यापक बीआईएसएसएस 2सी एवं एसएस यादव प्रधानाध्यापक बीआईएसएसएस 8बी को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में अहम् भूमिका के लिए पुरस्कृत किया गया।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं रोजगार से जोड़ना ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य : अमल



**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन सभागार में सुकन्या सामाजिक जनसहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमिटी के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया ।कार्यक्रम मंच के संचालन झारखंडसमृद्धि ट्रस्ट सचिव सह मुखिया पीए रंजीत कुमार ने किया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूपमें उपस्थित ट्रस्ट कमिटी संस्थापक अमल दास ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना व सभी को रोजगारसे जोड़ना ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है ।इसके अलावा उन्होंने ट्रस्ट से सम्बंधित लोगो को विस्तृत जानकारी दिया और कहा कि एसोसिएट हर पंचायत क्षेत्र में काम कर रहे हैं, लेकिन अब उस काम को ऑनलाइन कर दियागया है ।उक्तकार्य के लिए मोबाइल ऐप द्वारा भी ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। तथा कई पंचायत क्षेत्र में अभी तक एसोसिएट नहीं बन पाए हैं और वे लोग इस कार्यशाला के द्वारा विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम को समाजसेवी प्रमानन्द प्रजापति, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष प्रजापति, वार्ड सदस्य राजेश्वर साव शिक्षिका सरिता कुमारी,महावीर दास आदि नेभी संबोधित किया ।यहां कार्यक्रम उपरांत संस्थापक अमल दास जी को बुक्के भेंटकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार, रोहित रविदास, मनोज रविदास, एसोसिएट की कंचन कुमारी, विनीता देवी, पायल कुमारी, सावित्री देवी गीता देवी, परमेश्वर रविदास के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मासिक सत्संग का आयोजन

**गढ़वा।** परम दयाल युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का मासिक सत्संग का आयोजन गुरु भाई सुखबीर पाल के निवास स्थान पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शंख ध्वनि, वंदे पुरुषोत्तम के जय घोष से किया गया। इस दौरान सामूहिक नाम जप ध्यान, सामूहिक प्रार्थना, भजन कीर्तन, आरती किया गया। अंत में प्रसाद एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर एसपीआर कुलदीप मिश्रा ने कहा कि सभी मनुष्य को सद्गुरु के क्षण में रहना चाहिए।

### अनूप बाबू के नेतृत्व में कोयला मजदूर का भविष्य सुरक्षित : अजय

**बेरमो।** कथारा स्थित राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार सिंह ने किया संचालन दयाल यादव धन्यवाद ज्ञापन राजेश शर्मा ने की। बैठक में मजदूर समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा संगठन के मजबूती संगठन का सदस्यता आदि मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। साथ ही राहुल गांधी जी के बेरमो विधानसभा क्षेत्र में हुए कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष प्रकट किया गया। आगामी 27 मार्च को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का दूसरा स्थापना दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह ने कहा राजेंद्र बाबू द्वारा मिले संस्कार संगठन की शक्ति है। रात दिन मजदूर किसान युवा के साथ बेरमो के विकास में अनुप बाबू जो अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। जिससे विकास की गंगा बह रही है।

## पेज एक का शेष

### चंपई सोरेन सरकार...

**सदन के आसपास सुरक्षा कड़ी :** 5 और 6 फरवरी को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। रविवार को मुख्य सचिव और डीजीपी ने बैठक की और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये। बैठक में रांची डीसी, एसपी सहित सभी विभागों के सचिव मौजूद थे।

**अभिभाषण से शुरू होगा सत्र :** जानकारी के मुताबिक विशेष सत्र सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। इसके बाद विधायी कार्य आरंभ हो जायेंगे। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन विश्वास मत हासिल किये जाने संबंधी प्रस्ताव देंगे। इसके बाद स्पीकर बहुमत साबित करने को सीएम को आमंत्रित करेंगे। फिर विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कर वोटिंग प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। सत्ता पक्ष के विधायक भी रविवार को हैदराबाद से रांची लौट आये हैं। पांच फरवरी को चंपाई सोरेन सरकार के फ्लोर टेस्ट में लेंगे हिस्सा लेंगे।

### अपराध मुक्त झारखंड हमारी ...

घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा धनबाद के झरिया में हुई घटना की भी जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गयी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झरिया में हुई घटना पर एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच की जाये।

**पोक्सो एक्ट, महिला अपराध पर भी चर्चा :** बैठक में सीएम ने महिला अत्याचार और पोक्सो एक्ट से संबंधित मामलों की जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया गया कि राज्य में विधि व्यवस्था संधारण में प्रयासों की वजह से सांप्रदायिक एवं संवेदनशील घटनाओं में कमी आयी है। पुलिस कार्रवाई से दहेज प्रताड़ना, चोरी, पोक्सो एवं हत्या के मामलों में भी कमी आयी है। पिछले 4 वर्षों में महिला अत्याचार के मामलों में निरंतर घटे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दहेज हत्या के मामलों का शीघ्र उद्भेदन किया जाना सुनिश्चत करें। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके इस निमित्त अनुसंधान ससमय पूरा करें। पोक्सो के तहत दर्ज मामलों के अनुसंधान में कोई कोताही नहीं बरती जाये।

### पूर्ववर्ती सरकारों को...

देश-विदेश में मां कामाख्या के भक्तों को अपार खुशी मिलेगी। श्रद्धालुओं की संख्या में भी और बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि देश के तीर्थस्थल सिर्फ तीर्थस्थल नहीं हैं बल्कि भारतीय सभ्यता की हजारों वर्षों की अमृतधारा हैं। आजादी के बाद लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली पार्टी (कांग्रेस) ने देश के तीर्थ स्थलों के महत्व को नहीं समझा और अपनी जड़ों को संरक्षित किए बिना देश कभी भी विकास नहीं कर सकता। उन्हें (कांग्रेस) अपनी सभ्यता और संस्कृति को संरक्षित करने में शर्म आती थी। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने इस संबंध में पहल की है और इसके विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।

**कई परियोजनाओं की दी सौगात :** जिन प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी उनमें कामाख्या मंदिर गलियारा (498 करोड़ रुपये), गुवाहाटी में नये हवाई अड्डे के टर्मिनल से छह लेन की सड़क (358 करोड़ रुपये), नेहरू स्टेडियम का फीफा मानकों के अनुरूप उन्नयन (831 करोड़ रुपये) और चंद्रपुर में एक नया खेल परिसर (300 करोड़ रुपये) शामिल है। इसके अलावा मोदी ने 3,250 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की एकीकृत नयी इमारत की आधारशिला रखी। पीएम ने 578 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले प्रस्तावित करीमगंज मेडिकल कॉलेज और अस्पताल तथा गुवाहाटी में 297 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले यूनिटी मॉल की भी आधारशिला रखी।

**मोदी की गारंटी फेल नहीं होती :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मोदी गारंटी' कभी व्यर्थ नहीं जायेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा से देश के 20 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं। मोदी सरकार का लक्ष्य हर भारतीय के जीवन को खुशहाल बनाना है। इस साल के बजट में बुनियादी ढांचे पर 1.11 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का फैसला किया गया है। पीएम ने यह भी कहा कि यह धनराशि देश में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्यों पर खर्च की जाएगी जिससे औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार बढ़ेगा। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि मोदी गारंटी को पूरा करने के लिए दिन-रात एक करने की ताकत है।

### एचइसीकर्मियों का दुख...

रामगढ़ शहर के सिद्धू कान्हू मैदान में उनकी टीम ने सेफ हाउस का निर्माण किया है। अपनी टीम के साथ राहुल गांधी डिनर करेंगे। सेफ हाउस की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसपीजी और सीआरपीएफ बटालियन को सौंपा गया है। अगले दिन सोमवार की सुबह आठ बजे एक बार फिर राहुल गांधी की यात्रा निकलेगी। यहां सेफ हाउस में ही तिरंगा फहराने के बाद राष्ट्रीय गान होगा। पूरी टीम राष्ट्रीय गान में शामिल होगी। फिर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राहुल गांधी रामगढ़ शहर का भ्रमण करेंगे। शहर के बाजारटांड़, चट्टी बाजार होते हुए उनका काफिला गांधी चौक पहुंचेगा। इसके बाद मेन रोड, सुभाष चौक होते हुए राहुल गांधी रांची पहुंचेंगे।

फुसरो नगर परिषद क्षेत्र मे भाजपा का 'गांव चलो' अभियान ताराबेड़ा से शुरू

# भाजपा देश में चार सौ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज कर इतिहास बनायेगी : प्रकाश

● केंद्र सरकार की जन हितैषी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का कार्य करेगे : टुनटुन

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 स्थित ताराबेडा से भाजपा फुसरो मंडल की ओर से गांव चलो अभियान की शुरूआत भाजपा नेता एवं प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह की अगुवाई दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि केंद्र में भाजपा और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में स्थापित करना है हम जनता के बीच खाली हाथ नहीं जा रहे देश में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने हर वर्ग को किसी न किसी योजना के माध्यम से लाभान्वित किया है और उन्ही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना ,उज्वला योजना ,नारी अस्मिता की रक्षा के लिए हर घर शौचालय योजना , कोरोना काल में केंद्र द्वारा स्वास्थ्य एवं खाद्य संबंधी तमाम आपूर्ति ,किसान सम्मान निधि ,फसल बीमा योजना जैसी तमाम योजनाएं लेकर जनता के द्वार पर पहुंचना है और उन्हें उन सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करना प्रमुख है। कहा कि भाजपा पूरे देश में चार सौ से अधिक सीटों पर दर्ज करके इतिहास बनाएगी। इसके लिए संगठन अभी से तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम के साथ संयोजक टुनटुन तिवारी ने कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की तमाम जन हितैषी योजनाओं को हर घर तक कार्यकताओं की मदद से पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जिसमे प्रत्येक घर से कार्यकर्ताओ का सीधा संपर्क हो सके इस अभियान के क्रियान्वयन हेतु मंडल स्तरीय मॉनिटरिंग भी की जाएगी। मौके पर नाला विघानसभा से आये विस्तारक सुखेनदर कुमार मंडल, अध्यक्ष सह संयोजक दिनेश यादव, महामंत्री सह सह संयोजक टुनटुन तिवारी, श्रीकांत यादव, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र टुडू, लखिनदर नाग, युगल टुडू ,अनिल टुडू, सूरज टुडू, वीरेंद्र टुडू, चंदन राम, नरेश हेम्ब्रम, बुधराम मांझी, पूजा टुडू, सरिता टुडू, पैरी देवी, मंजू देवी, अनीता देवी, पिंकी टुडू, लालमोहन महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

